हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025

04 संसार में सभी प्राणी दुखी हैं और सब चाहते हैं सुख



07 सात दिवसीय पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की घट यात्रा से शुरुआत





## समाचार संक्षेप

### अंडर-19 बालिका वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन आज

**गुना।** ग्वालियर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के अंदर-19 बालिका वर्ग जिला टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है जिसके लिए गुना जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीम का चयन जीडीसीए के तत्वावधान में किया जाएगा। चयन हेतु ट्रायल कल बुधवार को इंदिरा देवी सिसोदिया क्रिकेट क्लब,पीजी कॉलेज के इंडोर हाल के सामने होगी जो दोपहर 3 बजे से प्रारम्भ होगी,जिन खिलाड़ियों का जन्म दिनांक 01/09/2006 के बाद का होगा वही खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। चयन प्रक्रिया मेंभाग लेने वाले खिलाड़ियों को सभी मूल दस्तावेज जिसमें पिछले तीन वर्ष की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आधार कार्ड अपडेट हिस्ट्री, समग्र आईडी को आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा। इस प्रक्रिया के आधार पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन गुना की बालिका वर्ग की टीम का चयन किया जाएगा। जिन भी खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में भाग लेना है वह संगठन के सचिव सौरव रघुवंशी से संपर्क कर सकते हैं।

### साहू समाज महिला मंडल की बैठक संपन्न

**गुना।** कुंभराज में साहू समाज महिला मंडल की सामान्य बैठक साहू धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया।महिला मंडल अध्यक्ष ममता कमलेश साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी समाजजनों के सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सहयोग भावना से ही ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो पाते हैं। बैठक में समाज के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई तथा उनकी प्राथमिक रूपरेखा तैयार की गई, ताकि भविष्य में होने वाले सभी आयोजन बेहतर तरीके से संपन्न हो सकें।

### बीनागंज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन

**चांचौड़ा।** बीनागंज नगर के शासकीय अस्पताल परिसर में मंगलवार को लाइंस नेत्र चिकित्सालय, गुना के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।



शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर के दौरान कुल 72 मरीजों की ओपीडी की गई, जिसमें आंखों की सामान्य जांच के साथ मोतियाबिंद स्क्रीनिंग की गई। जांच के उपरांत 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिन्हें आगे उपचार के लिए गुना स्थित लाइंस नेत्र चिकित्सालय भेजा जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था, ताकि समय पर इलाज होकर लोगों की आंखों की रोशनी सुरक्षित रखी जा सके। स्थानीय नागरिकों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम में अस्पताल स्टॉफ, स्वास्थ्य कर्मियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा।

### ओरियंटल इंश्यारेंस कंपनी के साथ प्री-सिटिंग बैठक आयोजित

**गुना।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर के संबंध में ओरियंटल इंश्यारेंस कंपनी के साथ प्री सिटिंग बैठक जिला न्यायालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। उक्त प्रीसिटिंग बैठक के माध्यम से ओरियंटल इंश्यारेंस कंपनी के राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक चर्चा की जाकर नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, ओपी रघुवंशी, शैलजा गुप्ता, राघवेन्द्र भारद्वाज, राधाकिशन मालवीय सहित वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वेश चतुर्वेदी जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित बीमा कंपनी के अधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### दबंगों के कब्जे से था परेशान, दी जा रही दोनों पैर काटने की धमकी

# हक न मिलने से आहत किसान ने जनसुनवाई में खाया जहर





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनसुनवाई के दौरान उस वक्त प्रशासन के हाथ पैर फूल गए जब गस खाकर एक किसान परिसर में ही गिर पड़ा। किसान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिले के म्याना थाना क्षेत्र से आया एक किसान मंगलवार की जनसुनवाई के दौरान अचानक कलेक्टोरेट परिसर में जहर खाकर गिर पड़ा, जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे सहारा देकर पानी पिलाया और उल्टी कराने का प्रयास किया। गंभीर हालत में किसान को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

#### क्या है पूरा मामला

ग्राम सागोरिया निवासी अर्जुन सिंह ढीमर पिछले चार वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन पर दबंगों के कब्जे को लेकर परेशान चल रहा था। कई बार आवेदन देने के बाद भी जब कोई समाधान नहीं मिला, तो वह मानसिक रूप से टूट चुका था। अर्जुन ने पहले पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया था कि उनकी कृषि भूमि सर्वे नंबर 315/17/2 पर गांव के दबंगों ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया है और उन्हें खेती करने नहीं दे रहे।

#### स्थगन आदेश भी जारी कर रखा था

जबकि न्यायालय ने सितंबर 2025 में इस भूमि पर स्थगन आदेश भी जारी कर रखा था, बावजूद इसके दबंग आदेश की अवहेलना कर रहे थे। किसान ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया था कि दबंग उन्हें जान से मारने की धमकी देते थे और जमीन पर कदम रखने पर दोनों पैर काटने की धमकी तक दे चुके थे।

#### इसलिए उठाया आत्मघाती कदम

कई बार पुलिस और प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर अर्जुन ढीमर निराश हो चुके थे। इसी पीड़ा और हताशा के बीच उन्होंने जनसुनवाई में ही आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के बाद प्रशासनिक अमले में अफरा-तफरी मच गई और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

#### आनन-फानन में पहुंचाया अस्पताल

पहले भी कई लोग जनसुनवाई में जहर खाने की कोशिश कर चुके हैं। और इन घटनाओं को लेकर प्रशासन भी हर बार मस्टर्ड रहता था किसान के जहरीला पदार्थ हाथ में लेते ही उसे निश्चय कर दिया जाता था लेकिन इस बार प्रशासन के तीसरी आंख रखने वाले चौकीदारों से कहां चुप हो गई जो यह अप्रिय घटना जनसुनवाई के दौरान देखने को मिली फिलहाल प्रशासन ने किस को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया है समाचार लेकर जाने तक उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

#### क्या मोबाइल कोर्ट का नवाचार हुआ फेल

कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल ने जनसुनवाई को विस्तारित रूप देते हुए स्थानीय स्तर पर भी इसकी व्यवस्था कर दी है इसके अलावा मोबाइल कोर्ट जैसे नवाचार भी किया जा रहे हैं ताकि किसानों को मौके पर ही उनकी समस्या का निराकरण हो जाए और जिला मुख्यालय तक आने के लिए परेशान ना होना पड़ा इसके बावजूद किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही और इस घटना से समझा जा सकता है कि किस किस हद तक परेशान है जो वह अपनी जान देने के लिए आमादा हो जाताहै।



## नपाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात की, शहर की समस्याएं बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बीती शाम दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पुष्प गुच्छ भेंटकर मुलाकात की। उन्होंने शहर की विभिन्न समस्याओं पर सिंधिया का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही निर्माणाधीन विकास कार्यों की जानकारी देते हुए प्रस्तावित विकास योजनाओं पर भी उनका मार्गदर्शन लिया। सिंधिया ने शहर के सौंदर्य करण को लेकर प्रस्तावित योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन दिया और शहर हित में हर उद्घाटन और संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। सिंधिया ने अभी हाल ही में उनके गुना प्रवास के दौरान स्थानीय लक्ष्मीगंज में आयोजित संयुक्त शिलान्यास कार्यक्रम को सर्वाधिक सफल कार्यक्रम निरूपित करते हुए भाजपा नेता अरविंद गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए भी उन्हें प्रोत्साहित किया।

### सीईओ जिला पंचायत ने की प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा

**गुना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की पंचायतवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंगर्गत पीएम जनमन के लंबित आरोन के 286, बमोरी के 1018, चांचौडा के 73, गुना के 1167 एवं राघौगढ़ के 552 हितग्राहियों के आवास आगामी 20 दिसंबर 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित सचिव, उपयंत्री एवं ग्राम रोजगार सहायक को दिये गए। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत ही आरोन के 61 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 175 हितग्राहियों को तृतीय किश्त प्रदान करने, बमोरी के 28 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 322 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 531 हितग्राहियों को तृतीय किश्त प्रदान करने, चांचौड़ा के 12 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 38 हितग्राहियों को तृतीय किश्त प्रदान करने, गुना के 56 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 255 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 561 हितग्राहियों को तृतीय किश्त प्रदान करने तथा राघोगढ़ के 15 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 111 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 276 हितग्राहियों को तृतीय किश्त प्रदान करने संबंधी कार्यवाही किए जाने के निर्देश सभी सीईओ जनपद पंचायत को दिए गए।

## खनिज विभाग की टीम ने 7 प्रकरण किए दर्ज

### खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गुना, म्याना एवं ऊमरी क्षेत्र में सख्त कार्रवाई करते हुए 7 प्रकरण दर्ज किए गए तथा अवैध गतिविधियों में लिप्त कई वाहनों को जप्त किया गया हैं।



कार्यवाही के दौरान 2 ट्रैक्टर-ट्राली सीरियल क्रमांक RKZ5211, चेचिस क्रमांक 3386525 एवं 02 डम्पर पंजीयन क्रमाक UP93BT9505, MP08HB5295 को जप्त कर चौकी ऊमरी में अभिरक्षार्थ रखे गए। म्याना क्षेत्र में 01 ट्रैक्टर-ट्राली पंजीयन क्रमांक MP08AC3352 को गिट्टी का रायल्टी से अधिक खनिज का परिवहन करते पाए जाने से थाना म्याना अभिरक्षार्थ रखा गया। साथ ही ट्रैक्टर-ट्राली पंजीयन क्रमांक MP08AB2754 एवं RJ07GC6449 द्वारा मुरूम व एमसेण्ड के अवैध उत्खनन/भंडारण करते पाए जाने पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्यवाही में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती एवं खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव, सैनिक राजीव रघुवंशी, सैनिक हाकिम सिंह रघुवंशी, सैनिक रघुनंदन रघुवंशी तथा अंशु गौतम की कार्यवाही में बहुत भूमिका रही है। जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार ऐसे ही लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं

# आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित 216 आवेदन किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर अखिलेश जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। इस दौरान लगभग 216 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। आज जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### 13 दिसंबर को निकलेगी शौर्य मशाल यात्रा



**आरोन।** अयोध्या बाबरी विध्वंस की वर्षी 6 दिसंबर को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल सकल हिन्दू समाज शौर्य दिवस के रूप में मनाता है इसके उपलक्ष्य में देश के कई शहरों में अनेकों प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में 13/दिसंबर को सायं 6:बजे दास हनुमान मंदिर चौराहे से एक विशाल मशाल यात्रा निकाली जायेगी जिसमें हिन्दूओं की अधिक से अधिक संख्या कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने समर्थन जुटाने संगठनों के कार्यकर्ता नगर में जनसंपर्क कर रहे हैं, तथा शौर्य मशाल यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्थायें की जा रही हैं।

### धूल मिट्टी की सफाई कराई एवं विशेष सफाई अभियान चलाया



**राघोगढ़ ।** रुठियाई कस्बे में वार्ड 21,22 में डिवाइडर के दोनों और झाड़ियां एवं धूल मिट्टी की सफाई कराई एवं विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभीकरण संजय श्रीवास्तव सीएमओ तेजसिंह यादव ,सेनेटरी इंस्पेक्टर कीर्ति सिंह , उप यंत्री विशाल बाबू शर्मा एवं सफाई अमला उपस्थित रहा।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की



**राघोगढ़ ।** नगर पालिका कार्यालय में मंगलवार को परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई एवं ग्रेडिंग में सुधार के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीएमओ तेज सिंह यादव एवं नगर पालिका अमला उपस्थित रहा।

### मप्र राज्य खाद्य आयोग का गुना भ्रमण 17 को

**गुना।** मप्र राज्य खाद्य आयोग केअध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मलहौत्रा 17 दिसम्बर 2025 को गुना भ्रमण पर रहेगें। जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषक आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजनाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा की जावेगी। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधि या उनके प्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह के अध्यक्ष जिला स्तरीय सतर्कता समिति के अध्यक्ष या प्रतिनिधि को आहूत होगा।

## विधान में मुनिश्री निर्मोह सागर के मंगल प्रवचन आयोजित

# संसार में सभी प्राणी दुखी हैं और सब चाहते हैं सुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़



प्राचीन ऐतिहासिक धर्म नगरी राघौगढ़ में संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय परिसर में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन आज प्रातः 9:30 बजे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि निर्मोह सागर जी ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा इस संसार में सभी प्राणी दुखी हैं और सब सुख चाहते हैं। हर प्राणी अपने दुखों से भयभीत है। आपने कहा पंडित दौलत राम जी कृत छहढ़ाला की प्रथम ढ़ाल में संसारी प्राणियों की दशा का विस्तार से उल्लेख किया है। मुनिराज जी ने कहा सुख दो प्रकार के होते हैं एक भौतिक सुख होता है। यह भौतिक सुख वह कहलाता है हम संसार में रहकर भोग विलास के साधन जुटा लेते हैं और इसे ही सुख मानने लगते हैं।

भौतिक सुख से हमारा कल्याण नहीं होने वाला है। दूसरा सुख होता है आध्यात्मिक सुख। यह आध्यात्मिक सुख हमें भगवान की भक्ति एवं त्याग तपस्या से मिलता है। आध्यात्मिक सुख ही सच्चा सुख है। मुनि निर्मोह सागर जी महाराज ने कहा आचार्य मानतुंग ने भक्तांबर स्त्रोत के माध्यम से भगवान की सच्ची भक्ति की। उस भक्ति का प्रभाव हुआ कि एक के बाद एक 48 ताले खुलते चले गए।विधान आचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी ने कहा रावत परिवार राघोगढ़ के अनिल कुमार रावत एवं मीना रावत के इकलौते पुत्र अर्पित भैया जी ने लाखों की संपत्ति ठुकरा कर आत्म कल्याण के लिए मुनि दीक्षा लेकर अपना मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया है। राघौगढ़ नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर जी महाराज ने इस नगरी का गौरव बढ़ाया है।भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है सिद्ध चक्र महामंडल विधान में तीसरे दिन 9 दिसंबर को प्रातः 7 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा हुई तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु की पूजन संगीत के साथ हुई। प्रातः 9 बजे से ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनी योग सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूजन हुई। पूजन में सिद्धों के 32 मूल गुण के 32 अर्घ श्रृद्धि सिद्धी मंत्रों के साथ भक्ति भाव से चढ़ाए गए ।तत्पश्चात मुनि निर्मोह सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन हुए। प्रातः 10:00 बजे से संगीतमय श्री भक्तामर महामंडल विधान बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के कुशल निर्देशन में हुआ। आपने दिनांक 10 दिसंबर के धार्मिक आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया प्रातः 7:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं नित्य नियम की पूजन होगी। तत्पश्चात मुनि संघ के सानिध्य में सिद्ध भगवान की 64 ऋद्धियों का वर्णन करते हुए 64 श्रृद्धि विधान के 64 अर्घ चढ़ाये जाएंगे। प्रातः 10:00 बजे से मुनिराज जी के मंगल प्रवचन होंगे। शाम 5:15 बजे मुनि संघ के पावन सानिध्य में आचार्य भक्ति होगी।

रात्रि 7:20 बजे से संगीतमय भक्तांबर दीप प्रज्वलन एवं सामूहिक आरती होगी। रात्रि 8:00 बजे से बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन होंगे। श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में भाग लेने गुना, रुठियाई, धरनावदा, आवन एनएफएल विजयपुर, साडा कॉलोनी, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर आदि के श्रद्धालु सैकड़ो की संख्या में प्रतिदिन राघौगढ़ आ रहे हैं और धर्म लाभ रहे हैं।

## एकल के पांच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का चाचौड़ा में किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

स्वावलंबी स्वाभिमानी भाव जगाना है चलो गांव की और हमें फिर देश बनाना है इस उद्देश को लेकर एकल अभियान मध्यभारत संभाग चंबल भाग अंचल गुना के अंतर्गत पांच दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग बाग बागेश्वर धाम चाचौड़ा( चंपावती) में आयोजित किया गया था जिसका मंगलवार को चाचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय के मुख्य आतिथ्य में समापन किया गया। इससे पूर्व चाचौड़ा एसडीएम रवि मालवीय, एकल अभियान प्रभाग पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली, अंचल अध्यक्ष मनीष भार्गव सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ समापन सत्र का आरंभ कराया। एसडीएम श्री मालवीय ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए एकल अभियान की सराहना की और उन्होंने एसआईआर के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सरकारें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना सहित विभिन्न योजना के माध्यम से एकल आचार्य ग्रामीणों के जीवन स्तर सुधारने का काम करे ओर हर पात्र व्यक्ति को लाभ मिले जिससे उनका जीवन सुलभ हो। मुख्य वक्ता P 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन ने आचार्य अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि जनजाति समाज के बच्चों को पंचमुखी शिक्षा से उन्हें शिक्षित करना ओर उनका सर्वांगीण विकास करना ही एकल का मुख्य उद्देश्य रहा हे। समाज के वंचित बच्चों को पंचमुखी शिक्षा प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़कर राष्ट्र उपयोगी बनाना हे। श्री जैन ने कहा कि पंचमुखी शिक्षा में प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, जन जागरण, ग्राम विकास और संस्कार शिक्षा के पाँच आयाम के माध्यम से बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास हो सके और उन्हें जीवन मूल्य सिखाए जा सकें. इसी के साथ उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना, स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों का पालन कराने में एकल आचार्यों की महती भूमिका रहे। गुना अंचल अध्यक्ष श्री भार्गव ने वर्ग को संबोधित करते हुए एकल आचार्यों का मार्गदर्शन किया उन्होंने कहा कि आचार्यों का बौद्धिक विकास हो यही वर्ग लगाने का उद्देश्य हे। इस वर्ग के माध्यम से आपने 42 सत्रों में प्रशिक्षण लिया।



# जिला अस्पताल में तंबाकू सेवन पर सख्त कार्रवाई, महिलाओं पर भी जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि का सेवन करने वालों पर लगातार जुर्माना कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में 17 लोगों पर तंबाकू का सेवन करते पाए जाने पर राशि 1900 रूपये का जुर्माना लगाया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं तंबाकू मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे। जुर्माना लगाने के लिए गठित समिति द्वारा अस्पताल के समस्त वार्डों में भ्रमण कर तंबाकू सेवन करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। समिति द्वारा पुरुषों के साथ–साथ महिलाओं पर भी तंबाकू सेवन करते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाता है, जिससे तंबाकू निषेध नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित हो सकें।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी श्रीमती विनीता सोनी स्वयं समिति सदस्यों के साथ शामिल होकर जुर्माना कार्यवाही में सहयोग करती हैं। समिति सदस्य नमिता खादेरकर, रेखा शर्मा, शैलेश सिंह, मुरारीलाल एवं आदिल खान,दीपक द्वारा प्रतिदिन वार्ड–वार निरीक्षण कर तंबाकू का सेवन करने वालों पर तत्काल जुर्माना लगाया जा रहा है।

सदस्य लगातार मरीजों एवं परिजनों को तंबाकू के गंभीर दुष्प्रभावों, कैंसर, फेफड़े व हृदय रोगों के बढ़ते जोखिम के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को समिति द्वारा NRT उपयोग, परामर्श और निरंतर सहायता प्रदान की जाती है। इन सतत प्रयासों से जिला अस्पताल परिसर तेजी से तंबाकू मुक्त वातावरण की ओर अग्रसर है।



## रेडक्रॉस पदाधिकारी व नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी अशोकनगर प्रबंध कार्यकारिणी शपथ विधि कार्यक्रम सरस्वती विद्यालय पठार अशोकनगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निर्वाचित समिति पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ बेहतर कार्य करेगी यही अपेक्षा है।

स्वागत भाषण देते हुए डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा को मध्य मानकर रेडक्रॉस सोसाइटी कार्य कर रही है। मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी रामेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत में भी आज रेडक्रॉस सोसाइटी मानव सेवा की परमकारी कर रही है ऐसा ही हमारे अशोकनगर में भी रेडक्रॉस सोसाइटी की नवीन टीम को शुभकामना देता हूं और सेवा की कार्यों को आगे बढ़ाएंगे आपकी उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। नव नियुक्त चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल सिंह ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि पूरी टीम एक मत से समाज सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करेगी।

आगे बहुत अच्छा करने का हमारा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व चेयरमैन डॉक्टर दीपक मिश्रा द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। विभाग प्रचारक नितिन ने कहा की सेवा के कार्य समाज को आगे बढ़कर करना चाहिए। सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। संचालन सचिव संजय रघुवंशी व आभार राजीव जैन जाट ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह, गुना विभाग सह करवा महेश सिंह रघुवंशी, विभाग प्रचारक नितिन, चेयरमैन डॉ. जयमंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराधा यादव आदि मौजूद थे।



### चंदेरी पुलिस ने 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को छत्तीसगढ़ राज्य के जंगली क्षेत्र नवाटोला से किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना चन्देरी द्वारा 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को महज 06 दिन मे छत्तीसगढ़ राज्य के जंगली क्षेत्र नवाटोला से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना चन्देरी अंतर्गत दिनांक 01.12.2025 को फरियादिया द्वारा अपनी 13 वर्षीय नावालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले लाने की रिपोर्ट पर से विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चन्देरी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी चन्देरी निरी. मनीष जादौन द्वारा टीम गठित की गई। टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुये तकनीकी संसाधनों के आधार पर अपहर्ता को जंगलो के बीच वसे ग्राम नवाटोला बिहारपुर छत्तीसगढ से दस्तयाव कर आरोपी आशिक नाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## लीनेस क्लब अवार्ड सेरेमनी में अशोकनगर क्लब कई सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट आरएम 1 स्वयं सिद्ध द्वारा अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम जयपुर में रखा गया था। क्लब द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों के लिए व खासकर बच्चों के उत्थान के लिए किए गए कार्य के लिए क्लब को आउटस्टैंडिंग अवार्ड फॉर चाइल्ड वेलफेयर से नवाजा गया। क्लब की डिस्ट्रिक्ट बाइस प्रिसीडेंट सीमा अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट 2026 के लिए मनोनीत हुई। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट सोग्रही एमओएच 2025 व जिला सीईओ अंजना जैन व अंजना सिंघल द्वारा क्लब द्वारा सतत रूप से सभी क्षेत्र में सेवा कार्यों के लिए लीनेस सीमा अग्रवाल, डॉक्टर रजनी शुक्ला और लवली रघुवंशी को सम्मानित किया गया। जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में बैनर प्रेजेंटेशन में लीनेस क्लब अशोकनगर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्लब के कोऑर्डिनेटर सुनीता अग्रवाल चेयरपर्सन सपना सेठ, गीता बंसल, रश्मि अग्रवाल जयपुरी सचिव प्रीति बंसल व कोषाध्यक्ष कुसुम गुप्ता को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## अवैध शराब के अनेक प्रकरण किए पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने मगरदा निवासी छोटू कुशवाह के पास से 25 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की ईसागढ पुलिस ने ग्राम करोंदी निवासी रामकुमार यादव के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने मूडरा निवासी बाबूलाल लोधी के पास से 9 लीटर हाथभटटी की शराब बरामद की है।

**11 और 15 दिसम्बर को मण्डी व्यापारी नीलामी में शामिल नहीं होगें: अशोकनगर।** जिला मुख्यालय पर चल रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव को लेकर व्यापारियों ने उक्त आयोजन में 11 दिसम्बर और 15 दिसम्बर को विशेष धार्मिक विधान एवं अनुष्ठान होने के कारण नीलामी प्रक्रिया में शामिल न होने का निर्णय लिया है। इस हेतु उन्होंने सभी किसान भाईयों को सूचित किया है कि वह 11 और 15 दिसम्बर को अपने माल को मण्डी में नीलामी को लेकर न आएं। ग्रेन मर्चेन्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वह भी इस आयोजन में शामिल होकर धार्मिक लाभ अर्जित करें।

## कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में 280 आवेदकों की समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



प्रति मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम के चलते मंगलवार को 280 आवेदक शहर से लेकर गांव तक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे, जिन्हें कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समक्ष में सुना गया और अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम उमरी निवासी संजना जाटव द्वारा सहायिका के पद पर नियुक्ति दिलाये जाने, वार्ड 05 मुंगावली निवासी रमको आदिवासी द्वारा आवासीय पट्टा दिलाये जाने,ग्राम वमनाई निवासी रामपाल सिंह द्वारा सीमांकन कराये जाने, ग्राम वमनाई निवासी चंदू आदिवासी द्वारा थूबोन जलाशय का खातेदारों का भुगतान कराये जाने,ग्राम मलउखेडी निवासी ब्रजमोहन गुर्जर द्वारा रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराये जाने, ग्राम बल्हेरू निवासी राधावाई अहिरवार द्वारा पट्टा कम्प्यूटर पर अमल कराये जाने,ग्राम अचलगढ निवासी शिवराज राजपूत द्वारा जमीन का सीमांकन होने के बाद कब्जा दिलाये जाने,ग्राम गर्रोली निवासी भरोसा द्वारा नामांतरण पर रोक लगाने जाने, ग्राम बंदी निवासी उदयभान सिंह यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाये जाने,ग्राम खैजराकला निवासी रामवती द्वारा लाड़ली बहना राशि दिलाये जाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। इसमें सीईओ राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरपालिका अशोकनगर की पीआईसी बैठक में विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर की पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संपन्न हुई, जिसमें नगर के विकास के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुहर लगा दी गई है। इन स्वीकृतियों से नगर के विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा।

### प्रमुख स्वीकृत कार्य

वार्ड क्रमांक 16 (अम्बेडकर भवन) इस वार्ड में स्थित अम्बेडकर भवन में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें टीन शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल का कार्य, और पेंटिंग कार्य शामिल हैं। सी.सी.सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में सी.सी. (कंक्रीट) सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे जल निकासी और आवागमन की समस्या में सुधार होगा। चैंनल एवं चैम्बर कार्य विभिन्न वार्डों में चैंनल और चैम्बर लगवाए जाने के संबंध में भी स्वीकृति दी गई है, जो सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने में सहायक होगा।

### हाईमास्ट लाइट स्थापना

नगर में हाइमास्ट लाइट लगाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे सार्वजनिक स्थानों पर बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी और सुरक्षा बढ़ेगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में निर्णय लिए गए। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव, पार्षद आशुतोष देवलिया, पार्षद गीता आर्य, पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी, पार्षद आयुषी सतपाल लोधी उपस्थित रहीं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर पालिका सी.एम.ओ. विनोद उन्नीतान सहित न.पा. उपयंत्री भी बैठक में मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 को

**अशोकनगर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत जिला अशोकनगर में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक जिले के कुल 11 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। जिसमें अशोकनगर ब्लॉक के 3 परीक्षा केन्द्र, मुंगावली ब्लॉक के 3 परीक्षा केन्द्र, चंदेरी ब्लॉक के 3 परीक्षा केन्द्र तथा ईसागढ़ ब्लॉक के 2 परीक्षा केन्द्र शामिल है। परीक्षा में जिले के कुल 3075 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। छात्र अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं परीक्षा में प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड को साथ लाना अनिवार्य है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म भरे है वे परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें एवं अधिक जानकारी के लिए पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय अशोकनगर के परीक्षा प्रभारी रविकुमार एस. से सम्पर्क एवं नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### प्रभारी मंडी सचिव बने बीएलओ सुपरवाइजर

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा जबाहर सिंह सगर पशु चिकित्सा अधिकारी जिला अशोकनगर को विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के लिए बीएलओ सुपरवाईजर नियुक्त किया गया था,उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए प्रभारी मंडी सचिव अशोकनगर एवं चंदेरी भागीरथ अहिरवार को बीएलओ सुपर वाईजर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के तहत नियुक्त बीएलओ सुपरवाईजर आवंटित 10 मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

### एक आवाज-समानता के लिए संकल्प का आगाज

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत अशोकनगर अन्तर्गत विकासखण्ड अशोकनगर में जेण्डर समानता नई चेतना अभियान 4.0 के तहत मंगलवार को जिला स्तरीय जेण्डंर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि राज्य कार्यालय भोपाल द्वारा प्रदाय कार्यक्रम कैलेंडर में दी गई। थीम अनुसार मीरा की कहानी, महिला एवं आजीविका आधारित सांपसीढी खेल, जेण्डर समानता शपथ एवं महिला सुरक्षा पर केन्द्रित रंगोली निर्माण, जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जेंडर समानता जागरूकता एवं महिलाओं की भागीदारी बढाते हुए आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों को समाज में मुख्य धारा से जोडना है।

### सात दिवस का वेतन राजसात के आदेश जारी

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन द्वारा दिव्यांग शिविर जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में रूचि नहीं लेने, सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही, कर्तव्य विमुखता, अनियमितता एवं स्वैच्छाचारिता बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ ए.पी. प्रजापति के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये सात दिवस का वेतन राजसात किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि दैनिक समाचार पत्र में 09 दिसम्बर को प्रकाशित समाचार शीर्षक अव्यवस्थाओं के बीच दिव्यांग शिविर नहीं मिली व्हील चेयर की व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जो समाधानकारक नही पाये जाने पर वेतन राजसात की कार्यवाही की गई है।

### मप्र राज्य खाद्य आयोग का जिले में भ्रमण 18 को

**अशोकनगर।** म.प्र. राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा द्वारा 18 दिसंबर को अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष मल्होत्रा 18 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्यान्ह भोजन) एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाओं का निरीक्षण करेंगे।

शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर मंगल कलश व पुरुष श्रीजी लेकर निकले

# सात दिवसीय पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की घट यात्रा से शुरुआत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के इतिहास में पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में हो रहे सात दिवसीय पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की भव्य शुरूआत घट यात्रा के साथ हुई। जिसमें महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर निकलीं, अनेक पुरूष श्रीजी को सिर पर रखकर निकले। पूरा शहर धर्म की आभा से शोभायमान होता नजर आया। जब यह घट यात्रा आयोजन स्थल पर पहुंची तब ध्वजा रोहण और पाडांल उद्घाटन के साथ 7 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत हुई।

इस मौके पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य विनोद जैन राजू मेडीकल परिवार को मिला। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच मुनि संघ के सानिध्य में परिवारजनों के साथ ध्वजारोहण किया। इस मौके पर समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक आदि शामिल थे। इस भव्य समारोह में घटयात्रा मुनिश्री सुधासागर जी महाराज के पैदल विहार के साथ प्रारंभ हुई। इस घटयात्रा में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा के विभिन्न पात्र बग्गियों में सवार होकर निकले, इस मौके पर पूरा मार्ग भीड़ से भरा नजर आया। सुभाषगंज से प्रारंभ हुई यह घटयात्रा महावीर मार्ग, स्टेशन रोड, गांधी चैक, फुटओवर ब्रिज होते हुए पुरानी गल्ला मण्डी में बनाई गई अयोध्या नगरी आयोजन स्थल पर पहुंची। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। इस मौके पर मुनिश्री की मंगल देशना का आयोजन हुआ, दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में गर्भ कल्याणक के पूर्व के आयोजन से पहले पूजा प्रारंभ की गई। इस मौके पर मंडल शुद्धि, मंडप शुद्धि, रक्षामंत्री, मंगलाष्टक,



शांतिमंत्र, पात्र शुद्धि,सकलीकरण, आदि के आयोजन हुए। शाम की अवधि में मुनिश्री के प्रसिद्ध जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि में सौ धर्म इन्द्र की सभा का दरवार सजाया गया। जिसमें दिखाया गया कि किस तरह सौधर्म का आसन कंपायमान होता है। अष्टकुमारियों द्वारा कैसे माता की सेवा की जाती है और माता के गर्भ में आने वाले आदिकुमार को लेकर माता को 16 स्वपन दिखाई देते हैं। यह स्वपन रात्रि के होने वाले आयोजन में दिखाया गया। विश्व शांति महायज्ञ के साथ इस आयोजन की शुरूआत हुई है यह सम्पूर्ण आयोजन प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। पंच कल्याणक महोत्सव में 200 प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा होना है, इन प्रतिमाओं का प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचना प्रारंभ हो गया है। जिसमें कई प्रतिमाएं विशाल आकार की हैं।

### पंच कल्याणक महोत्सव आपके जीवन का मंगल चरण

राष्ट संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने पंच कल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंच कल्याणक महोत्सव आपके जीवन का मंगल चरण करके आयें। प्रकृति कहती हैं अपने जीवन को इतना अच्छा बनाओ जिससे ये सृष्टि सुंदर हो जाये। तुम जैसा करोगे तो प्रकृति कुछ भी नहीं है निर्णय हमें करना है इस को कितना मंगल बनाना है किंचित मात्र भी अमंगल नहीं होगा। तुम्हारी जिंदगी में कभी अमंगल नहीं होगा। प्रकृति मंगलाचरण नहीं कर सकती। प्रकृति कहती हैं कि तुम मंगला चरण करो मैं तुम्हारे जीवन में मंगल ही मंगल कर दूंगी। दुनिया का सोच समाप्त हो जाता है वहां से सोच प्रारंभ होता है।

### दुनिया में दृश्य का महत्व है वहीं हमारे यहां अदृश्य का महत्व

उन्होंने कहा कि दुनिया में दृश्य का महत्व है वहीं हमारे यहां अदृश्य का महत्व है। धन की खोज हमें करना नहीं पड़ता वह तो धर्म का फल है। धर्म करना पड़ता है जिससे धन मिलता है। धन धर्म के वृक्ष पर लगा हुआ मीठा फल है। धर्म का मगला चरण करना होगा कुबेर का भी खजाना खत्म हो जाता है यदि उसमें नियमित वृद्धि न की जाये। इसी प्रकार यदि श्रावक प्रतिदिन पुण्य की कमाई नहीं करता है तो कुबेर का खजाना भी खत्म हो जायेगा आप पुर्व जन्म के पुण्यात्मा है इसमें कोई संदेह नहीं है। थककर मन्दिर नहीं पहुंचना, मन्दिर में पहुंच कर ऊर्जा से भर कर पहुंचना। गौ धूली में गाय थककर नहीं उल्लास से भर कर आती है। जंगल से गाय जव लौटती है वहीं मंगल शुभ होता है। उन्होंने कहा कि तेंतीस साल पहले एक महा महोत्सव हुआ था उसके बाद आज यह अवसर आया है जब आप सब भक्ति भाव से भगवान के पंच कल्याणक मना रहे हैं। ध्वजारोहण जिंदगी का सबसे बड़ा मंगलाचरण है।

### बहुत लम्बी प्रतीक्षा करने के बाद हम हर्ष के साथ विश्व शांति महायज्ञ मना रहे हैं



इस के पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज की बहुत ही शुभ घड़ी है जव हम भगवान जिनेन्द्र देव के पंच कल्याणक महा महोत्सव के रूप में आज से मनाने जा रहं हैं। वर्षो की समाज की तपस्या के वाद हमें भगवान का महामहोत्सव मनाने का अहो भाग्य प्राप्त हो रहा है। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास विपिन सिंघई पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी पूर्व संयोजक डॉ डी के जैन साथियों सहित अन्य प्रमुख जनो दारा मुनि संघ को श्री फल भेंट किए गये।

हाईवे की स्पीड में ब्रेकर से अधूरे काम

# तीनों बायपास विवाद में अटके एक पुलिया भी नहीं बन सकी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से क्षेत्र में नेशनल हाईवे बन रहा है। इसके निर्माण की गति बेहद धीमी है, क्योंकि निर्माण कंपनी ने स्वयं काम न करते हुए पेटी ठेकेदारों से काम करवाया। जिन्होंने मनमानी से काम किया। यही वजह है कि अभी तक पंद्रह किलोमीटर का एक भी हिस्सा कंपनी पूरा नहीं बना पाई है। इस हाइवे पर क्षेत्र में तीन बायपास, दो पुल भी बनने हैं। जो सभी अधूरे हैं। जिनमें से दो बायपास तो भूमि अधिग्रहण के मामले में अटके हैं और एक बायपास की पुलिया धंस गई है। वहीं घाट बमुरिया में कैथन नदी पर और बहादुरपुर में मोला नदी पर पुल भी निर्माणाधीन हैं।

**मुआवजा नहीं मिला तो सड़क पर लगाई बागड़** क्षेत्र के बंगला चैराहा पर कुछ किसानों ने बायपास का निर्माण रोक दिया है। यह निर्माण कार्य बीते तीन वर्षों से रुका हुआ है। 1.18 किलोमीटर लंबे इस बायपास पर दोनों ओर से सड़क बनाई जा चुकी है लेकिन बीच में करीब दो सौ मीटर के हिस्से में कोई काम नहीं हुआ है। इस हिस्से पर किसानों ने तार फैसिंग कर रखी है और जिस हिस्से से सड़क बनाई जानी है, वहां पर गेंहू की फसल बो दी है। किसानों ने मुआवजा के कार्यालयों के चक्कर लगाए लेकिन जब उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई तो मजबूरन उन्हे काम को रुकवाना पड़ा। अजब सिंह निवासी बरखेड़ा जमाल ने बताया कि मौजा बरखेड़ा जमाल के सर्वे नंबर 132/2/2 रकबा 3.240 हेक्टेयर भूमि करीब पांच किसानों के स्वामित्व की है। दो बीघा हिस्से में से बायपास बनना है। भू-अधिग्रहण के समय जो सूची जारी हुई थी, उसके अनुसार अजब सिंह, हरगोविंद, लालू, गुलाबबाई, मुन्नीबाई वगैरह को 4 लाख 30 हजार मुआवजा था, जो नहीं मिला।

### अतरेज़ी बायपास की पुलिया का स्लोब धंसा

क्षेत्र में नेशनल हाईवे के तहत कुल तीन बायपास बनने हैं, जिन में से एक बायपास अतरेजी पर भी बना है। इस बायपास में सब कुछ सही है लेकिन बीच में नहर पर बनी एक पुलिया का स्लोब बीती बरसात में एक ओर से धंस गया है। स्लोब करीब करीब तीन से पांच फिट तक धंसा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया बनाने के दौरान सही से पिचिंग नहीं भरी गई, जिससे नहर के माध्यम से आया बरसाती पानी सड़क के नीचे की मिट्टी बहा ले गया और पुलिया के स्लोब धंस गए। ओंडेर में पुलिया से लेकर मलऊखेड़ी मार्ग अधूरा होने से वन वे हुआ। इसी नेशनल हाईवे पर ग्राम ओंडेर में सबसे पहले एक पुलिया बनाई गई थी। पुलिया बनने के बाद मलऊखेड़ी मार्ग के जोड़ तक एक ओर की सड़क खोद दी गई, बाद में न तो यह सड़क बनाई गई और न ही पुलिया पर डामरीकरण हुआ। बताया गया है कि ठेकेदार ने इस काम को जिस पेटी ठेकेदार को दिया था, उसने काम पूरा नहीं किया। दोनों के बीच लेन देन का कोई विवाद होने के कारण यह काम अधूरा है। जिससे यह हिस्सा वन वे हो गया है। यदि एक ओर से वाहन आ रहे हों तो दूसरी ओर से जा रहे वाहनों को इंतजार करना पड़ता है।

# विधायक ने की जिले में ई टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली की मांग

**अशोकनगर।** चन्देरी ईसागढ़ क्षेत्र के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी ने मांग की है कि जिले में ई टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली तत्काल प्रभाव से लागू की जाए। उन्होंने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयासों से जिले की आवश्यकता से अधिक उर्वरक मालगाड़ी के माध्यम से अशोकनगर में उपलब्ध कराया गया, तथापि इसके बावजूद किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिससे कृषकों में गहरी नाराजगी एवं असंतोष व्याप्त है।

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार जिले को उपलब्ध कराए गए उर्वरक का एक भाग अन्य जिलों की ओर अवैध रूप से प्रेषित एवं ब्लैक-मार्केट में विक्रय किया जा रहा है। परिणामस्वरूप, अशोकनगर के किसान उर्वरक के लिए भटक रहे हैं, और कृषि गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

**खास बातें**

- ई टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली का जिले में तत्काल एवं कठोरता के साथ क्रियान्वयन किया जाए।
- उर्वरक के आवंटन, भंडारण, परिवहन एवं वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया को ई टोकन प्रणाली में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए।
- उर्वरक की ब्लैक-मार्केटिंग एवं अन्य जिलों में अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।
- सभी सहकारी समितियों एवं अधिकृत विक्रेताओं को किसानों को समयबद्ध, नियंत्रित एवं व्यवस्थित उर्वरक वितरण हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए जाएं।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी केंद्रित एवं लचीलेपन का बनाया है समन्वय

**अशोकनगर।** डॉ. नवीन पटवा नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने संदीपनी विद्यालय अशोकनगर में कॉलेज चलो अभियान के तहत कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी केंद्रित एवं लचीलेपन का समन्वय है। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार हायर सेकन्डी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश को सुगम बनाने, उनों म.प्र.शासन द्वारा संचालित विद्यार्थी कल्याणकारी योजना की जानकारी देने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2000 अंतर्गत 14 (1) अध्यादेश की संपूर्ण जानकारी देने के उददेश्य से मंगलवार को पीएम कॉलेज अशोकनगर के डॉ. नवीन पटवा, अरबिन्द्र कोशिक एवं एनसीसी कैडेट्स हर्ष बालू, शोएब शासकीय सीएमराईज विद्यालय अशोकनगर में उपस्थित हुए जहां पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति नोडल डॉ. नवीन पटवा ने अध्यादेश 14 (1) की विस्तार से जानकारी दी। मेजर माईनर एवं एमडीसी चयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाईस दी। ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया में रखने वाली तकनीकियों को समझाया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, भारतीय ज्ञान परपरा प्रकोष्ट एवं अनामति योजनाओं एवं एनएसएस योजना की जानकारी दी। एनसीसी के कैडेट्स ने एनसीसी की जानकारी दी। अरविंद कौशिक ने वाणिज्य संकाय एवं ईडीपी पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर गणित विज्ञान एवं कला संकाय के 2 विदयार्थी प्राचार्य उमाशंकर तिवारी एवं तरुण रस्तोगी व्यारयाता अंग्रेजी उपस्थित रहे।

# सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 के दूसरे दिवस खेल हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशानुसार जिले में सांसद खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत 03 दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं जिले के चारों विकासखंड पर आयोजित कराई जा रही हैं।

इसी क्रम में विकासखंड अशोकनगर अंतर्गत संजय स्टेडियम अशोकनगर में लगातार दूसरे दिवस खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुंई। प्रथम दिवस कबडडी, खो-खो, एवं व्हॉलीबॉल बालक एवं बालिका वर्ग में मैच आयोजन संपन्न कराए गए। प्रतियोगिता आयोजन के दूसरे दिवस मंगलवार को सितौलिया खेल बालक वर्ग में स्वामी विवेकानंद उ.मा.वि. विजेता रही एवं सीएम राईज स्कूल अशोकनगर उपविजेता रही। सितौलिया खेल बालिका वर्ग में शा.उ.मा. विद्यालय राजपुर विजेता एवं स्वामी विवेकानंद उ.मा. विद्यालय उपविजेता रही। रस्साकसी जूनियर में तूमैन की टीम विजेता रही एवं राजपुर की टीम उपविजेता रही। वहीं रस्साकसी सीनियर वर्ग में तूमैन की टीम विजेता रही। अष्टा चंगा खेल के बालक वर्ग में राज सेन एवं बालिका वर्ग में जागृति रघुवंशी विजेता रहीं। चपेटा खेल में सहेली कुशवाह शा.उ.मा. विद्यालय राजपुर विजेता रहीं।

# जनपद पंचायत अशोकनगर में दिव्यांगों व वृद्धों के लिए परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में मंगलवार को जनपद पंचायत अशोकनगर प्रांगण में भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिमअंग प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 840 पंजीयन किये गये, जिसमें अस्थि बाधित 397, दृष्टिवाधित 57, श्रवणवाधित 346 एवं मानसिक 28 पंजीयन हुये।शिविर में एलिम्को द्वारा 375 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, वाकिंग स्टिक, बैशाखी, नकली हाथ-पैर, सुगम्य केन, ट्रायसाईकिल, मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल, वॉकर, टीएलएम किट सेकेण्डरी एवं प्राईमरी एवं कान की मशीन हेतु चिन्हित किया गया है। दिव्यांग जनों, वृद्धजनों को मुख्य सड़क से शिविर तक एक्सपर्ट की टीम के माध्यम से लाने एवं ले जाने के लिए 25 व्हील चेयर की व्यवस्था की गई। दिव्यांगों वृद्धजनों एवं एलमको टीम के लिए भोजन, चाय ,नाश्ता एवं कैंपर का पानी की व्यवस्था की गई।



साथ ही दिव्यांगों को परेशान ना होना पड़े इसलिए कुर्सियों पर बैठकर लाइन लगाई गई। सम्पूर्ण व्यवस्थाओं से वृद्धजन, दिव्यांगजन संतुष्ट नजर आए एवं प्रशासन टीम को धन्यवाद दिया। शिविर मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र सिंह यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, सामाजिक न्याय अधिकारी राजेंद्र प्रजापति सीएमओ नगरपालिका अशोकनगर विनोद उन्नीतान, एलिम्को टीम, समस्त जनपद स्तरीय तथा नगरपालिका परिषद अशोकनगर का स्टॉफ एवं शिविर हेतु ड्यूटी में लगाये गये ग्राम पंचायतो के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक एवं समस्त जनपद पंचायत स्टाफ उपस्थित रहा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का संकल्प हम साकार करें: न्यायाधीश मनीष अनुरागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

समुदायों को जोड़ने, जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक परिवर्तन को जन आंदोलन बनाने हम सब मिलकर 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प सरकार करें। यह बात न्यायाधीश मनीष अनुरागी ने मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग एवं जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा संस्कृति स्कूल में आयोजित बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम में कही।



बाल विवाह मुक्त भारत के राष्ट्रीय अभियान के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीष अनुरागी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विशेष अतिथि बृज किशोर शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रसेना भिड़े जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, कार्यक्रम के संयोजक कुमारसंभव अध्यक्ष अक्षर पीठ एवं सदस्य विशेष किशोर पुलिस इकाई देवेंद्र संधू सिंह सिंह इंद्रपाल कौर की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा पटेल वाइस प्रिंसिपल ने किया। कार्यक्रम में बृजकिशोर शर्मा ने बताया की यह अभियान देश भर में बाल विवाह उन्मूलन के लिए एक मजबूत जन आंदोलन खड़ा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में चंद्रसेना भिड़े ने कहा देशभर में बाल विवाह समाप्त करने के उद्देश्य से चल रहे आंदोलन को प्रधानमंत्री ने भारत सरकार द्वारा मिली असाधारण सराहना ने इस मिशन को नई ऊर्जा और राष्ट्रीय पहचान प्रदान की है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि पूरा राष्ट्र 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए एकजुट है। 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के ऐतिहासिक शुभारंभ के ठीक एक वर्ष बाद, आज पुनः इस अभियान संकल्प को और मजबूत किया।

### लापरवाहियों पर जेएसओ व सचिव की वेतनवृद्धि रोकी, डीएसओ को नोटिस

# प्रशासन और आमजनों के बीच सेतु बना 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरूआत की गई है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता को आमने-सामने बैठाकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शिकायतों का समाधान करते हैं। आयोजित कार्यक्रम के तहत खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग की कुल चिन्हित 6 समस्याएं रखी गईं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किए। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है।

#### 2 की वेतनवृद्धि रोकी डीएसओ को नोटिस

आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिकायतकर्ता हरिसिंह तंवर निवासी ग्राम मोतीपुरा ब्लॉक राजगढ़ ने बताया कि उनके बच्चे लोकेश, रिंकी एवं खुशी का नाम समग्र आईडी में नहीं है। आवेदक का कहना है कि राशन पर्ची में सदस्य के नाम भी नहीं जोडे जा रहे हैं जिससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टिर डॉ. मिश्रा ने इस शिकायत का लंबे समय से निराकरण नहीं करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी स्वाती वायकर एवं मोतीपुरा के पंचायत सचिव हीरालाल गुर्जर की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही जिला खाद्य अधिकारी अजीत कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

#### तीन साल से नहीं मिल पाई थी प्रसूती सहायता राशि

एक अन्य शिकायतकर्ता प्रियान्स ने बताया कि हितग्राही संतोष बाई तंवर पति जगदीश तंवर की डिलेवरी 13 अक्टूबर 2022 को जिला अस्पताल में हुई थी। जिसकी प्रस्तुंता सहायता राशि का भुगतान को तीन साल हो चुके हैं जो अभी तक नहीं मिल पाया है। कलेक्टंर डॉ. मिश्रा के निर्देशन पर हितग्राही को तत्काल भुगतान कराया गया। शिकायतकर्ता मोहन तंवर द्वारा बताया गया कि हितग्राही कैलाशी बाई की डिलेवरी भी जिला अस्पताल में हुई थी लेकिन उन्हें भी अभी तक सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी ने बताया कि पोर्टल पर हितग्राही के बच्चे की गलत संख्या दर्ज होने से हितग्राही को लाभ नहीं दिया जा सका। कलेक्टर ने शिकायत की 07 दिवस में पुनः जांच कर हितग्राही को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इसी तरह दो अन्य शिकायतों का भी कलेक्टर ने मौके पर ही निराकरण करवाया।

### हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेकर नपा ने उठाया कदम

# नेवज के बैराज और पिलरों में लगवाने शुरू किए तरांपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी नगर पालिका की अनदेखी के चलते दिनों-दिन सूखती जा रही थी। आलम यह था कि नदी के छोटे पुलिया का बैराज को अक्टूबर माह में ही तरांपे आदि लगाकर बंद कर दिया जाता था उसे दिसंबर तक भी बंद नहीं किया गया था। ऐसे में नदी में पानी न ठहरने से नेवज दिनों-दिन सूखती जा रही थी।

इसके साथ ही नेवज के समीप छारबाग में लगे नगर पालिका के इंटकवेल के समीप भी नदी का पानी लगातार कम होता जा रहा था। इस समस्या और आमजनों की मांग को लेकर हरिभूमि ने अपने 7 दिसंबर के अंक में 'अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज' शीर्षक से एक खबर का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। खबर प्रकाशन के 2 दिनों बाद ही मंगलवार से नगर पालिका प्रबंधन ने नेवज की छोटी पुलिया के बेरोज और पिलरों के बीच में तरांपे लगवाना शुरू कर दिए हैं। इस पहल से नेवज न केवल अपनी पुराने स्वरूप में लौटकर लबालब हो जाएगी वहीं आने वाले दिनों में आमजनों को पेयजल समस्या का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका प्रबंधन ने बताया कि जल्द ही विसर्जन कुंड की सफाई भी चालू करवा दी जाएगी।

## भागीरथ शाक्य को मिली माचलपुर थाने की कमान

**माचलपुर।** लंबे समय से माचलपुर थाने की कमान महिला थाना प्रभारी पूजा परिहार के हाथों में थी। महिला होने से और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते वह नगर व क्षेत्र में जनता के अनुरूप सक्रिय नहीं रह पाई और उसका फायदा उनके अधीनस्थ कर्मचारी और नगर के अवैध कार्यों की गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों ने उठाया। जिसके कारण और वो बेखौफ होकर अपने कार्यों को अंजाम देते रहे। अब देखना है की नए थाना प्रभारी भागीरथ शाक्य के आने से नगर के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार वा नगर से स्टेट हाइवे पर आए दिन लगाने वाले जाम और अवैध रूप से संचालित कार्यों पर रोक लगती है या नहीं।

## घोसी गली में सड़क-नाली निर्माण की मांग पर किया प्रदर्शन




**नरसिंहगढ़।** वार्ड क्रमांक 7 की घोसी गली में सड़क और नाली निर्माण न होने से नाराज रहवासियों ने मंगलवार को फूलबाग चौराहे पर मार्ग जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण ग्रोवर भी बैठ गए। स्थिति बिगड़ती देख नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और आठ दिन के भीतर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। रहवासियों का कहना है कि वर्षों से सड़क नहीं बनी है और मुख्य मार्ग ऊंचा होने से नाली का पानी गली में भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने से आंदोलन की नौबत आई। जाम लगने से मुख्य मार्ग पर आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, हालांकि पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से यातायात सुचारु कराया। नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है और आठ दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं पार्षद सोफी प्रवीण ग्रोवर ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे इस्तीफा देकर आंदोलन करेंगे।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया, व्यापारी का लाइसेंस निरस्त करने की उठी मांग

# मारपीट के बाद भड़के किसान, समीर ट्रेडर्स के गोदाम में तोड़फोड़, लहसुन के बोरे बिखरे

**नरसिंहगढ़।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार सुबह नीलामी के दौरान हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। ग्राम नाइहेड़ी के किसान के साथ समीर ट्रेडर्स के संचालक पक्ष द्वारा की गई कथित मारपीट के बाद आक्रोशित किसानों ने व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पर हंगामा कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत मंडी पहुँची और किसान से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन पुलिस के जाते ही किसानों का आक्रोश बढ़ गया और बड़ी संख्या में किसान समीर ट्रेडर्स के गोदाम पर पहुँच गए। इस दौरान व्यापारी मौके से भाग निकले, जबकि गुस्साए किसानों ने गोदाम में रखे लहसुन के बोरे बाहर निकालकर सड़क पर बिखेर दिए और जोरदार विरोध जताया। घटना के बाद दोबारा पुलिस बल ने मौके पर पहुच मामले को शांत कराया। हालांकि संबंधित व्यापारी के खिलाफ किसानों में रोष व्याप्त है



#### पहले भी विवादों में रहा है समीर ट्रेडर्स

संबंधित फर्म संचालकों द्वारा किसानों से अभद्रता का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कई बार किसानों से अभद्रता और भुगतान संबंधी विवाद के मामले सामने आते रहे हैं संबंधित संचालक का अपराधिक रिकॉर्ड होने की बात भी सामने आ रही है, जिससे मंडी में लगातार तनाव का माहौल बना रहता है। फिलहाल किसानों ने समीर ट्रेडर्स का मंडी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग उठाई है।

#### यह है मामला

मंडी में नीलामी के दौरान किसान अपनी प्याज बेचने आए थे। नीलामी पूरी होने के बाद जब वे अपना माल लेकर व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पहुंचे, तो संचालक सलीम मंसूरी ने प्याज को खराब बताकर नीलामी में तय मूल्य से कम भुगतान करने की बात कही। किसान द्वारा आपत्ति जताने पर विवाद बढ़ गया और इसी दौरान सलीम मंसूरी के भांजे इमरान और इरफान मंसूरी ने किसान के साथ मारपीट की। जिसका वीडियो भी वायरल है।

## लीमाचौहान थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत

**सारंगपुर।** बुधवार को लीमाचौहान थाना क्षेत्र में घटित दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक का माहौल है। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। मृतकों का पोस्टमार्टम गुरुवार को सारंगपुर सिविल अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना में भ्याना निवासी लखन पिता अर्जुन अहिरवार (उम्र 29 वर्ष) की हराना जोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना में लीमाचौहान निवासी अनिल नरवले पिता कैलाश नरवले (उम्र 22 वर्ष) की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## नपा में सुरेश सेजकर का किया स्वागत विकास कार्यों पर की गई चर्चा

**सारंगपुर।** गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत प्रमुख अभियंता पद से सेवा निवृत्त तथा वर्तमान में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) के मुख्य महाप्रबंधक, सागर सुरेश सेजकर शासकीय कार्य से नगर पालिका सारंगपुर पहुंचे। उनके नगर आगमन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे एवं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा साफा बांधकर एवं फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेजकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे से सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान नगर पालिका की कार्यप्रणाली, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निकाय में संचालित विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सेजकर ने नगर पालिका में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने पर जोर दिया।



## ट्रांसफर के 6 माह बाद भी नर्सिंग ऑफिसर को नहीं किया रिलीव

### सीएमएचओ ने जून में किए थे 15 नर्सिंग ऑफिसर के तबादले

**राजगढ़।** तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने 17 जून 2025 को एक आदेश जारी करते हुए 15 नर्सिंग ऑफिसरों के जिले ही जिले में स्थानांतरण किए थे। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार जिला स्तरीय संवर्ग स्थानांतरण समिति के अनुमोदन उपरान्त यह स्थानांतरण एक स्वास्थ्य संस्था से दूसरी संस्था में किए गए थे। उक्त आदेश जारी होने के छह माह बाद भी इन 15 नर्सिंग ऑफिसरों में से अधिकांश को कार्यस्थल के लिए रिलीव कर दिया गया। इसके उलट एक नर्सिंग ऑफिसर सुनीता बामदेवन को अभी तक उनके नवीन पदस्थापना स्थल के लिए रिलीव नहीं किया गया है। इनका तबादला जिला अस्पताल राजगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर में किया गया था। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल से बात करने पर उनका कहना था कि जब यह स्थानांतरण हुए तब वे राजगढ़ जिले में पदस्थ नहीं थीं। वे इस मामले में संबंधित अधिकारियों एवं लिपिकों से चर्चा कर करेंगी।

## नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को प्रदाय किए नियुक्त पत्र

**खिलचीपुर।** विधानसभा खिलचीपुर अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जनपद पंचायत जीरापुर में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका को जनपद पंचायत खिलचीपुर के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में पंचायत जीरापुर की 14 एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर की 11 नारी शक्ति को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी अंकिता जैन अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर, सुनील नैनावत जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, भारत तोमर मंडल महामंत्री खिलचीपुर, देवेन्द्र गौड़, गिरीश सोनी, अजय साहू, सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## सामाजिक समरसता द्वारा ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है : हार्दिक सक्सेना




**ब्यावरा।** अभाविप द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सुठालिया में समाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में समरसता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग समन्वयक विद्या भारती- गुरु चरण गौड़ ,आरएसएस खंड कार्यवाह धर्मेन्द्र मीना मुख्य वक्ता हार्दिक सक्सेना ब्यावरा भाग संयोजक, सुठालिया सह.मत्री नीरज सोंधिया सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने सामाजिक समरसता के विषय पर प्रकाश डाला। समाज के सभी वर्गों, जातियों, धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच समन्वय, प्रेम, समानता, सहयोग, सद्भाव और एकता की भावना हो,जहाँ कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, जिससे एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके। विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सामाजिक समरसता वह नींव है जिस पर एक मजबूत और विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है, जहाँ हर व्यक्ति महत्वपूर्ण महसूस करे और समाज के विकास में योगदान दे सके।

### आराध्या ट्रेडर्स ने गोदाम संचालक व वेयरहाउस प्रबंधक पर लगाए मिलीभगत के आरोप

# प्रभु वेयर हाउस की सरसों में थी 15 से 50 प्रतिशत तक मिट्टी

**ब्यावरा।** आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन घोटाला हो या फिर कर्मचारियों को मिलने वाला पेट्रोल भत्ते के बंदरबांट की बात। दोनों ही मामलों पर चुप्पी साधने वाले वेयरहाउस कार्पोरेशन भोपाल के रीजनल मैनेजर एवं राजेश अग्रवाल एवं प्रबंधक दीप्ती सिंह ने अनियमितता पर तो कोई जांच नहीं बैठाई। अपितु प्रभू वेयरहाउस के कहने पर 25 हजार हम्माली के न मिलने पर जरूर जांच बैठा दी। इससे दोनों अधिकारियों की कार्यशैली को समझा जा सकता है। जिसमें कलेक्टर की जांच में दोषी पाए जाने पर भी कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्हें कौन अधिकारी बचा रहा है इसका उत्तर भी रीजनल मैनेजर और प्रबंधक को देना चाहिए। प्रभु वेयर हाउस के संचालक द्वारा 25 हजार की हम्माली भुगतान करने की बात की जब पड़ताल की गई तो पता चला की वेयर हाउस में रखी सरसों में 15 - 50 प्रतिशत तक मिट्टी होना पाया गया जिसके कारण गुना की आराध्या ट्रेडर्स को छांटकर बोरी उठाना पड़ी जिससे इस तरह की स्थिती बनी।

#### आराध्या ट्रेडर्स के मालिक बोले मिलीभगत से मिलाई गई मिट्टी

आराध्या ट्रेडर्स के मालिक अरविंद यादव ने बताया कि हमने नाफेड का सरसों वर्ष 2024-25 का 200 एवं 300 मेट्रिक टन दो अलग अलग डीओ के माध्यम से क्रय किया था। भुगतान के दौरान स्टेक टूटने पर स्टेक के अंदर रखी सरसों की बोरियों में 15 प्रतिशत से लेकर कुछ बोरियों में 50 प्रतिशत तक मिट्टी थी। इसी मिट्टी एवं खराब गुणवत्ता के चलते मिलिंग फैक्ट्री कोटा, जयपुर एवं अन्य जगह मेरा सरसों रिजेक्ट कर दिया गया जिसके चलते मुझे 20 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ।

#### प्रभु वेयर हाउस संचालक खराब बोरियां हटाने से कर रहा था इनकार

सरसों खरीदने वाली फर्म जब दूसरा डीओ उठाने प्रभु वेयर हाउस पहुंची तो इसके संचालक ने खराब बोरियां हटाने से मना कर दिया। जिस पर वेयरहाउस प्रबंधक दीप्ति सिंह एवं संजय दांगी को बुलाकर परखी लगाकर मिट्टी दिखाई गई। इसके बाद हरीश शाक्यवार पुनः छटनी के लिए तैयार हुए एवं संचालक व शाखा प्रबंधक की सहमति के बाद अधिक मिट्टी युक्त बोरियां पृथक की गईं। इसमें हम्माली की राशि के बारे में मुकद्दम से चर्चा हुई थी जिसमें उन्होंने 150 प्रति टन से मेरे द्वारा सीधे हम्मालों को भुगतान किया गया। वहीं अरविंद यादव आराध्या ट्रेडर्स ने आरोप लगाते हुए गोदाम संचालक सरसों में मिट्टी मिलाना एवं छंटनी की हम्माली मेरे से लेना नीति विरूद्ध है क्यों अधिकारी इस तरह के लोगों पर कोई कार्रवाई करेंगे या भविष्य में ऐसे वेयरहाउस को ब्लेक लिस्टेड करेंगे जिससे व्यापारियों का भरोसा बना रहे।



#### क्वालिटी घटिया होने के कारण प्रभु वेयरहाउस में 2024 से रखी है सरसों

सरसों की गुणवत्ताहीन होने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2024 से सरसों प्रभु वेयर हाउस में रखी हुई है और जिसका किराया भी सरकार को न चाहते हुए भी देना पड़ रहा है। प्रभू वेयर हाउस में रखी 6 हजार बोरियों की जांच फूड अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। अभी इसकी जांच अतिरिक्त प्रबंध संचालक वेयरहाउस द्वारा बनाई गई कमेटी कर रही है।

#### आरोप झूठा है...

मुझे कोई पैसे नहीं दिए गए है असत्य और झूठा आरोप हैं। हम्माली देने का काम व्यापारी स्वयं करता है, मेरे से इसका कोई संबंध नहीं।

संजय दांगी
सहायक गुणवत्ता नियंत्रक ब्यावरा वेयरहाउस